तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 प्रदेशभर में सक्रिय युवाओं को समाज से जोड़ने का





12 प्रगतिशील छग सतनामी समाज के निर्वाचन में




# बांधों में औसत से कम पानी, सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

इस मानसून सीजन के जून महीने के दौरान जिले में 129.2 मिली मीटर बारिश हो चुकी है। दशकों तक जिले की प्यास बुझाने वाले कोडार बांध में अब भी पानी नही जुट पाया है। एक तरफ झमाझम बारिश के दौर के चलते करीब-करीब सभी बांधों में पानी की आवक जारी है, दूसरी ओर जिले के सबसे बड़े बांध कोडार का जलस्तर अभी भी बेहद कम है।

जिले के बांधों में मानसून सीजन में भी पानी की कमी है। विशेष रूप से, मोंगरा बैराज और कोडार बांध जैसे प्रमुख बांधों में जल स्तर कम है, जिससे सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में समस्या आ सकती है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 100 छोटे जलाशय हैं। 95 में 0 से 25 फीसदी पानी है।

4 जलाशयों में 26 से 50 प्रतिशत पानी है। एक जलाशय में 50 से 75 प्रतिशत पानी है। अब तक एक भी छोटे जलाशय में शत-प्रतिशत पानी नहीं भर पाया है। इधर जून माह समाप्त हो चुकी है। जिले के सबसे बड़े बांध की स्थिति भी कुछ खास नहीं है। कोडार बांध से 16754 हेक्टेयर में खरीफ फसल की सिंचाई होती है। वहीं 3846 हेक्टेयर में केशवा जलाशय से खरीफ फसल की सिंचाई की जाती है। बांध में पानी भरा होने से किसानों को बांधों से पानी प्रदान किया जाता है।

## जिले के सबसे बड़े बांध कोडार का जलस्तर अभी भी बेहद कम

### जलाशयों में पानी की है कमी

विकासखंड के 19 में से 10 जलाशय में पानी नहीं है। इनमें बेमचा जलाशय, मुड़मार जलाशय, लोहारडीह, कोना, गौरखेड़ा जलाशय, जोगीडीपा, रामपुर, कछारडीह, धनसुली सूखे हुए हैं। वहीं बागबाहरा में सुनसुनिया, आमानारा, देवरी, कछारडीह, हाथीगढ़अनवरपुर, कसेकेरा, कोटरीपानी भी सूखे हुए हैं। पिथौरा के सोनासिल्ली, राजाडेरा, सुखीपाली, अमोदीडीह, कलमीझर, झारमुड़ा, फिरगी जलाशय में पानी नहीं है। बसना में उमरिया, सरायपाली में कोसमपाली, महल, राजाडीह, पुटका, सिंघोड़ा जलाशय में पानी नहीं है।



### जिले में अब तक बारिश की स्थिति

जिले के कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। सोमवार को महासमुंद विकासखंड में ही 17 मिमी, सरायपाली में 0 मिमी, बसना में 0 मिमी, पिथौरा में 2.8, बागबाहरा में 14.7 व कोमाखान में 11.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। एक जून से अब तक महासमुंद में 175 मिमी, सरायपाली में 113.6 मिमी, बसना में 88.3 मिमी, पिथौरा में 134.6 मिमी, बागबाहरा में 152.4 मिमी, कोमाखान में 111.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले में अब तक 129.2 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। बारिश होने से किसानों को राहत मिली है।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मीपुर में पति-पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पति-पत्नी से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया डिगेश्वरी सेन पति लखन सेन निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना बागबाहरा ने बताया कि लक्ष्मीपुर में उसके पति सेलून की दुकान और उससे लगा घर है। 18 जून को शाम करीब उसने आवाज सुनी तब बाहर निकल कर देखी तो ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी आगेश्वर तांडी पिता जयराम तांडी शराब के नशे में उसके पति की दुकान में घुसकर मारपीट कर गाली गलौज कर रहा था। इसके बाद वह अपने पति को छुड़ाने गई, तब आरोपी आगेश्वर तांडी ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** नगर के मौहारीभांठा में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रेम पटेल वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा ने बताया कि 29 जून की दोपहर 1:30 बजे 2 बजे के बीच वह घर के सामने में था, उसी समय कृष्णकांत, निखिल साव, बंटी चौहान, डोमेन चारों लड़के गाली गलौज कर वहां आए। जो हाथ में चाकू, डंडा रखे थे। इसके बाद उक्त लोगों ने मारपीट करना शुरू ककर दी। जब उसकी मां मेनका पटेल आई तो कृष्णकांत और बंटी चौहान ने हाथ को पकडकर खींचने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जब मोहल्ले के लोग वहां आए तो आरोपी मारपीट करके व जान से मारने की धमकी देकर चले गये। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दाल बेचने वाले से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गांव में घूमकर दाल बेचने वाले व्यक्ति के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को मनहरण प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 05 डीपोपारा लहरौद ने बताया कि वह गांव-गांव घूम कर दाल बेचता है। 29 जून को वह अपने वाहन से दाल बेचने ग्राम लक्ष्मीपुर की ओर जा रहा था, सुबह करीब 6 बजे बया रोड चंद्रपाल डडसेना कॉलेज राजासेवैय्या के पास एक मोटर सायकल में सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने आकर तुमको मोटर सायकल चलाना नहीं आता है, कहकर गाली गलौज कर मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**कार्रवाई :** उजाला पैलेस में चल रहा था जुआ, नकद समेत कुल 1 करोड़ 78 लाख का सामान बरामद

# जमा था लाखों का फड़, 26 जुआरियों से नकद, कार, मोबाइल और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लहरौद स्थित उजाला पैलेस में छापा मारकर जुआ खेल रहे 26 लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 5.30 लाख रुपए नगद के अलावा मोबाइल, बाइक, कार जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 29 जून को सूचना मिली थी कि उजाला पैलेस लहरौद, पिथौरा में जुआ का खेल चल रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 530000 रूपये, 9 नग चार पहिया वाहन, 7 नग मोटर सायकल, 28 नग मोबाईल कुल 1,77,95,000 रूपये का सामान जब्त कर धारा 4, 5 छत्तीसगुढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम और धारा 112, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**इनके खिलाफ हुई कार्रवाई:** जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए लोगों में दलजीत सिंह पिता गुरुचरण सिंह (40 वर्ष) पंचवन मार्ग सरायपाली थाना सरायपाली, रवि अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल (35 वर्ष) वार्ड 08 लहरौद थाना पिथौरा, तेजराम पटेल पिता मनोहर पटेल (45 वर्ष) वार्ड क्रमांक 08 लहरौद थाना पिथौरा, अंकित शर्मा पिता विनोद शर्मा (36 वर्ष) वार्ड नं 10 मंदिर चौक पिथौरा थाना पिथौरा, नरेंद्र डडसेना पिता रविराम डडसेना (36 वर्ष) वार्ड नं 03 रावणभाठा पारा पिथौरा, कपिल सलूजा पिता सरदारीलाल सलूजा (46 वर्ष) वार्ड नं 10 सरायपाली थाना सरायपाली, खेमराज चौधरी पिता लक्ष्मण चौधरी (48 वर्ष)) जोगनीपाली थाना सरायपाली, रूपेश कुमार ठक्कर पिता कांतीलाल ठक्कर (47) वार्ड नं 15 सांई मंदिर के पास पिथौरा, भूपेन्द्र साहू पिता गणेश साहू (36वर्ष)) वार्ड नं 09 बागबाहरा रोड पिथौरा, गुरुप्रीत सिंह सलूजा पिता कुलवंत सिंह सलूजा (35 वर्ष)) वार्ड नं 10 बस स्टैंड पिथौरा, जितेन्द्र सिन्हा पिता प्रेमलाल सिन्हा (33 वर्ष) निवासी वार्ड नं 08 बस्तीपारा पिथौरा, देवेंद्र अग्रवाल पिता कन्हैया लाल अग्रवाल (60वर्ष) निवासी वार्ड नं 07 मिडिल स्कूल के पीछे पिथौरा, गोपाल नायक पिता मोहन सिंह नायक (50 वर्ष) निवासी अजगर खार चौकी भंवरपुर थाना बसना, लोकेश नायक पिता जयशंकर नायक (40 वर्ष) निवासी सरकंडा चौकी भंवरपुर थाना बसना, संजय गिरी पिता जौहरी लाल गिरी (38 वर्ष) निवासी पथरला थाना बसना, पूरनलाल पटेल पिता श्यामसुंदर पटेल (44 वर्ष) निवासी गनियारी थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार, खीरसागर निषाद पिता स्व0 सादराम निषाद (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं 08 बस्तीपारा पिथौरा, धमेन्द्र सिन्हा पिता भूषण लाल सिन्हा (28 वर्ष) निवासी वार्ड क्र0 08 बस्तीपारा पिथौरा थाना पिथौरा, हेतराम पटेल पिता उषत राम पटेल (38 वर्ष) निवासी गनियारी थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार, शिव कुमार गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता (40 वर्ष) निवासी कबीर नगर बसना, सरबजीत सिंह पिता जसबीर सिंह (44 वर्ष) निवासी वार्ड नं 14 बागडपारा पिथौरा थाना पिथौरा, गोविंद शर्मा पिता जे0आर शर्मा (48 वर्ष) निवासी वार्ड नं 11 सीएचसी के पास पिथौरा थाना पिथौरा, सतप्रीत सिंह सलूजा पिता कुलवंत सिंह सलूजा (38 वर्ष) निवासी वार्ड नं 10 बस स्टेण्ड पिथौरा, अमरदीप सिंह सलूजा पिता हरविंदर सिंह सलूजा (44 वर्ष) निवासी बागडपारा पिथौरा थाना पिथौरा, अमरप्रीत सिंह सलूजा पिता हरविंदर सिंह सलूजा (44 वर्ष) निवासी बागडपारा पिथौरा थाना पिथौरा, अनिल बेहरा पिता चंद्रभानु बेहरा (34 वर्ष) निवासी वार्ड नं 04 घासीदास पारा बसना थाना बसना शामिल हैं।

# पूर्व सेवा गणना, युक्तियुक्तकरण और क्रमोन्नति की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सर्व शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर जिला के पांचों विकासखंडों में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त करने, क्रमोन्नत वेतनमान के लिए जनरल आर्डर जारी करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करने तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांगों को लेकर 1 जुलाई को जिला के शिक्षक संवर्ग धरना देकर रैली निकालकर मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए विखं के उच्च अधिकारियों को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपेंगे।

शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक नारायण चौधरी, दिनेश नायक, विजय धृतलहरे, प्रांतीय सह संचालक सुधीर प्रधान, सिराज बख्श, रूपानंद पटेल, शोभा सिंहदेव, राजाराम पटेल, नरोत्तम चौधरी, पूर्णानंद मिश्रा, ईश्वर चंद्राकर, केशवराम साहू, मेघराज साहू, अर्चना तिवारी, डिकेश्वर साहू, ब्लॉक संचालक राजेश साहू, बाबूलाल ध्रुव, विनोद यादव, प्रकाश बघेल, महेंद्र चौधरी, षडानन भोई, गजेंद्र नायक, शरण दास, नीलांबर नायक, ललित साहू, मनोज राय, लवकुमार पटेल, जिला सह संचालक नंदकुमार साहू, दुर्वासा गोस्वामी, विजय प्रधान, लालजी साहू, सादराम अजय, नरेश पटेल, पुष्पलता भार्गव, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, पवन साहू, कौशल चंद्राकर, तुलेंद्र सागर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया विसंगतियों से भरी है। बिना दावा आपत्ति के वरिष्ठता क्रम का निर्धारण होना, वरिष्ठों के स्थान पर कनिष्ठों का काउंसिलिंग में बुलावा होना, सभी रिक्त पदों को न दिखाया जाना, नियमों को ताक में रखकर स्कूलों का मर्ज किया जाना युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। इसलिए इसे निरस्त कर पारदर्शी तरीके से युक्तियुक्तकरण किया जावे। संविलियन पूर्व की सेवा अवधि का गणना के पुनरीक्षित वेतनमान दिया गया और पूर्व सेवा अवधि को आधार मानकर संविलियन किया गया तो पुरानी पेंशन के निर्धारण के लिए पूर्व सेवा अवधि की गणना क्यों नहीं की जा रही है। एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षक संवर्ग को शिक्षा विभाग के नियमानुसार जनरल आदेश जारी कर क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाए तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त कर अर्हताधारी शिक्षक संवर्ग को उच्च पदों पर पदोन्नत किया जावे। मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए साझा मंच के विखं संचालकों के साझा नेतृत्व में 1 जुलाई को जिला के शिक्षक संवर्ग धरना देकर ज्ञापन सौंपेंगे। साझा मंच ने शिक्षक संवर्ग से सामूहिक अवकाश लेकर विखं स्तरीय धरना प्रदर्शन में उपस्थित होने की अपील की है।

# डीएमओ व नोडल अधिकारियों को भेजा गया शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीदी केंद्रों में उपार्जित धान का पूर्ण लेखा मिलान नहीं होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने डीएमओ और जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 182 केंद्रों से 110427324 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान खरीदी केंद्रों से उपार्जित धान का पूर्ण लेखा मिलान किए जाने के निर्देश दिए थे। अब तक 182 में 67 खरीदी केंद्रों का ही लेखा मिलान पूर्ण हुआ है। 115 खरीदी केंद्रों का शेष है। इस प्रकार मात्र 36.81 प्रतिशत उपार्जन केंद्रों का ही लेखा मिलान हुआ है। कलेक्टर ने पत्र में स्पष्ट कहा है कि बार-बार निर्देश देने के बाद भी लेखा मिलान कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। उन्होंने तीन दिन के भीतर उनके समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने सोमवार को जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर, एस.डी.ओ.पी. अजयशंकर त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अफरीन बानो, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कमेटी ने समस्त बैरकों में जाकर



बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली, जिसमें विधिक, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी, जेल सुरक्षा आदि शामिल है। कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था को ठीक पाया।कमेटी ने प्रमुख रूप से बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था, परिरूद्ध बंदियों के पेशी वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से कराए जाने हेतु प्राथमिकता, जेल विस्तारीकरण हेतु वर्तमान जेल के पीछे जेल विभाग को आवंटित जमीन का सीमांकन, आधुनिक वीडियों कांन्फ्रेसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, सरायपाली में 300 की क्षमता के उपजेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण व जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## इटावा की घटना को लेकर यादव समाज ने की कार्रवाई की मांग

# कथावाचकों के साथ अमर्यादित घटना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

यूपी में यादव समाज के दो कथावाचकों के साथ कथित ब्राह्मणों द्वारा किए गए अन्याय के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सामाजिक पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में दो कथावाचक मुकुटमणि यादव और संत सिंह यादव के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा की गई बर्बर असामाजिक, अधार्मिक, अमर्यादि घटना ने संपूर्ण यादव समाज को द्रवित और आक्रोशित कर गया है। जिस तरह व्यास पीठ से नीचे उतारकर दोनों कथा वाचकों के साथ मारपीट करते हुए उनकी चोटी काट ली गई, उन्हें कथित ब्राह्मणी के मूत्र से पवित्र किया गया, उनकी चेन, अंगूठी लूट ली गई, उनका घर से पैसे मंगवा कर देने के लिए उन्हें विवश किया गया, यह सब सुनकर ऐसा लगता है कि हम उस भारत में निवास नहीं कर रहे हैं, जहां संविधान का राज है। जहां समरसता स्थापित करने के लिए तमाम संगठन सतत प्रयासरत है। इटावा जनपद के ब्राह्मणों द्वारा यादव समाज को लेकर की गई टिप्पणी सुनकर भी समाज को अत्यंत वेदना हो रही है। भारत तमाम संस्कृतियों, मान्यताओं, धर्मावलंबियों का देश है, यहां सबको सम्मान मिले, सब के स्वाभिमान की रक्षा हो ऐसा हमारे संविधान में वर्णित है। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों से कथित ब्राह्मण समाज के लोग अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए जैसा त्य कर रहे हैं, वह अक्षम्य है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद की कथा वाचिका यामिनी साहू और मध्यप्रदेश की देविका पटेल को भी कथा वाचन से रोकने का प्रयास किया गया है। उनके साथ भी अभद्रता की गई। इसकी शिकायत पर पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की गई, आज तक पता नहीं चला। अब उत्तर प्रदेश के इटावा में मुकुटमणि यादव, संत सिंह यादव और उनके सहयोगी के साथ जो बर्ताव किया गया है, उसे लेकर छत्तीसगढ़ के 35 लाख यादव आहत हैं। उन्हें सनातनी और भगवान श्री कृष्ण का वंशज होने के कारण दुख है कि उनके आराध्य व पूर्वज की कथा वाचन करने का अधिकार भी कथित ब्राह्मण नहीं देना चाहते। जिन लोगों ने यह हरकत की है कि यह तो मात्र प्रतीक हैं। यह परिचायक है कि उस गंदी मानसिकता का, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी चली जा रही है। यादव समाज, ब्राह्मणों को आदर देता है, उनसे ही अपने निज निवास में सारे कर्मकांड संपादित कराता है, उनका चरण वंदन करता है, लेकिन जिस तरह का व्यवहार कथित ब्राह्मणों द्वारा किया गया और उनके समाज के जो लोग यह कहने से गुरेज नहीं कर रहे हैं कि इटावा में ब्राह्मणों ने जो किया वह धर्मसंगत है, उससे यादव समाज को अतिशय कष्ट हो रहा है। ऐसे लोगों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे भविष्य में वह किसी के मान सम्मान को धूल-धूसरित व सनातन धर्मियों को आहत करने की हिम्मत ना कर सके।



### जमीन विवाद को लेकर फावड़े से जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जिले में जमीन विवाद को लेकर दो लोगो में खुनी संघर्ष का मामला सामने आया है। यह घटना पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में जमीन विवाद को लेकर एक पर फावड़े से जानलेवा हमला किए जाने का जाने का है। पीड़ित की पहचान उदय राम निषाद के रूप में हुई है, जिसे हमले में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, हमलावर का नाम ठाकुर राम निषाद बताया जा रहा है, जो कि जमीन संबंधी विवाद को लेकर पीड़ित से लंबे समय से रंजिश रखता था। सोमवार की सुबह अचानक दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि ठाकुर राम ने आवेश में आकर फावड़े से उदय राम पर वार कर दिया। घटना के बाद उदय राम को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की सूचना पर पटेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### ओडिशा जा रहे दंपत्ति के जेवर और नगदी रकम समेत 3.57 लाख की चोरी

**महासमुंद।** बस से ओडिशा जा रहे दंपत्ति के जेवर और नगदी रकम सहित कुल 3 लाख 57 हजार के सामान की चोरी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी राजेश मोहंती वार्ड क्रमांक 15 आदर्श नगर बसना ने बताया कि 26 जून की दोपहर करीब 1.30 बजे बसना से शर्मा ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी04ई4407 से वह और उसकी पत्नी सावित्री मोहंती, भतीजा आदि मोहंती, मामा पंकज मोहंती, मामी सरला मोहंती के साथ बस में बैठकर जयपुर ओडिशा जाने के लिए पिथौरा तक आए थे। इस दौरान उसकी पत्नी अपने साथ स्वयं का सोने के जेवरात, सोने की अंगूठी 6 नग, सोने की चेन 2 नग, सोने का हार 1 नग , सोने का चूड़ी 2 नग, सोने का ईयर रिंग 01 जोड़ी , नगदी रकम 7000 रुपए कुल 357000 रुपए को लेडिस पर्स के अंदर छोटे पर्स में रखी थी । पिथौरा बस स्टैंड में उतरकर उसकी पत्नी ने देखा कि पर्स की चेन खुली थी और छोटा पर्स उसमें नहीं था जिसमें रखे सोने के जेवरात एवं नगदी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री, महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में एक महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ठाकुदिया खुर्द में एक महिला अवैध रूप से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रही है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर महिला से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम भुलन जोशी पति चेतन जोशी (45 वर्ष) ठाकुरदिया खुर्द बताया। उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप



### भाजपाइयों ने सुनी पीएम की मन की बात

**महासमुंद।** इमलीभाठा शक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 170 में मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम प्रभारी नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के साथ देखा गया। इस कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी सुजाता विश्वनाथन, पूर्व महामंत्री विश्वनाथन, पार्षद माखन पटेल, बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र सहसयोजक हनीश बग्गा, विनीत विश्वनाथन, रोशन बग्गा, आशीष निषाद, वर्षा, शुभ्रा अग्रवाल एवं इमली भाठा निवासरत महिला बहनो ने देखा मोदी ने अपने सबोधन में योग दिवस पर पूरा राष्ट्र के द्वारा विशेष कर दिव्यांगजन और सेना के जवानों की भूमिका अहम रही। उन्होंने आपातकाल और स्वदेशी जागरण पर भी अपना विचार रखें।

### शिक्षक साझा मंच का धरना प्रदर्शन आज

**महासमुंद।** शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सडीएम को सौंपे गए सूचना पत्र में कहा गया है कि शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर 01 जुलाई 2025 मंगलवार को 04 सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड मुख्यालय महासमुंद के लोहिया चौक में दोपहर 12 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के बाद शाम 04 बजे मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को ज्ञापन सौपा जाएगा।



### जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने सुनी मन की बात

**महासमुंद।** ग्रामीण मंडल 29 जून रविवार को भाजपा ग्रामीण मंडल के बेलसोंडा शक्ति केंद्र में बूथ क्रमांक 133 भाटापारा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123 वां संस्करण का प्रसारण, कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा दूरदर्शन पर देखा गया। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, लखन चंद्राकर, महिला भाजपा कार्यकर्ता नेमिन चंद्राकर, उषा चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, विमला बाई, भगवती चंद्राकर, रागिनी चंद्राकर, संजना चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### माता ने पुष्प गिराकर भक्तों को दिया आशीर्वाद

**नगरी।** सिहावा के शीतला माता मंदिर में जुड़वास का कार्यक्रम हुआ। मंदिर पुजारी ज्ञानसागर पटेल ने बताया कि जुड़वास के दौरान मां शीतला से अच्छी वर्षा एवं लोगों को रोगों से मुक्त रखने आशीर्वाद मांगा गया। गांव के प्रत्येक घर से आए हल्दी पानी से नीम के पत्ते से माता को स्नान करवाया गया। उसके बाद स्नान कराये हुए हल्दी पानी को घरों व खेत खलिहान में छिड़का जाता है। साथ ही जिन पर पर माता आई रहती है, उस पर भी इस जल का छिड़काव होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। माता ने पुष्प गिराकर भक्तों को आशीर्वाद दिया।

# कांग्रेसियों ने शिक्षा न्याय आंदोलन के तीसरे चरण में घेरा डीईओ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शिक्षा न्याय आंदोलन के तृतीय चरण में जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद का घेराव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षकों के साथ अन्याय के साथ-साथ बीएड, डीएड प्रशिक्षित छात्रों के साथ भी अन्याय है। छात्र-छात्राओं एवं पलकों के साथ तो यह गंभीर अन्याय व एक षड्यंत्र है कि शासकीय स्कूल बंद किया जाए और प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा दिया जाए। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, मंत्री नहीं चाहते कि गरीब का बच्चा शासकीय स्कूल में पढ़ाई करें, वह चाहे छत्तीसगढ़ हो मध्य प्रदेश हो या उत्तर प्रदेश हो। पूरे भारत में शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने का एक सोची समझी साजिश इस भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा रची जा रही है। ऐसा कहना है अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह–प्रभारी विजय जांगिड़ का।

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चतुरी नंद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमितेश शुक्ल एवं डॉक्टर रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव किया गया। और जिला अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया गया। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी है, शिक्षा विरोधी कदम है, इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए हैं, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती कर शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था। 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूल में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है। इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मिडिल स्कूलों में 26 छात्रों के प्रति एक शिक्षक की रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे। नए शिक्षकों की भर्तियां ना करनी पड़े, इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार।

घेराव कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़, डॉक्टर रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी विधायक, चातुरीनंद जी सरायपाली विधायक, अमितेश शुक्ला महासमुंद प्रभारी, दिनेश यदु जिला प्रभारी, अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री, महेंद्र चंद्राकर पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, केशव चंद्राकर जनपद अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर प्रभारी सरायपाली, पंकज मिश्रा प्रभारी महासमुंद, विनोद तिवारी प्रभारी खल्लारी, पिंटू कुर्रे प्रभारी बसना, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासनएवं शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, जितेंद्र सिदार, रवि कश्यप, विजय कुमार साहू, करण दीवान, राम नारायण आदित्य, पुष्पेंद्र पटेल, संतोष पटेल, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद, खिलेश्वरी बघेल नगर पालिका अध्यक्ष बागबाहरा, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष, सुनील शर्मा प्रभारी महामंत्री, संजय शर्मा पूर्व प्रभारी महामंत्री, मुकेश यादव, अमर अरुण चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, गणेश शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, प्रकाश राव सकरकर, सेवनलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, नरेंद्र सेन, राजेश जैन, रामेश्वर चक्रधारी, मोहित ध्रुव पूर्व जिला अध्यक्ष, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद सिंह छाबड़ा, मंजीत सिंह सलूजा, इश्तियाक खैरानी, आसिफ धनानी, अक्षय साकरकर, शाहबाज रजवानी, सचिन गायकवाड, निर्मल जैन, नारायण नामदेव, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, लीलू साहू, मोती साहू, राजेश सोनी, विष्णु महानंद, राजेश सिन्हा, चरणजीत सिंह, लेख राम दीवान, सेतराम बघेल, मनबोधी ध्रुव, उत्तम शर्मा, गोपीचंद तारक, मोक्ष प्रधान, हर्षित चंद्राकर, मंदाकिनी साहू जिला उपाध्यक्ष, दुर्गा सागर, बसंता ठाकुर, सृष्टि ध्रुव सभापति जनपद, ब्रिजेन बंजारे, रूपकुमारी ध्रुव, प्रीति साहू, ममता चंद्राकर, दशोदा ध्रुव ,सोनम रामटेके, ईशा टंडन, सुनीता चंद्राकर, पार्वती ध्रुव, सविता गोस्वामी, रीमा यादव, डुमरोती ठाकुर, वैदेही ठाकुर, सेवन साहू, मुश्ताक खान पार्षद, द्रोण चंद्राकर, महेंद्र साहू जनपद सदस्य, जय पवार, मनोहर ठाकुर, रत्नेश साहू, कपिल साहू, मायाराम टंडन, लोकेश चंदन साहू, आकाश निषाद, मोहित साहू, कृष्णा सूर्यवंशी, अमित यादव, चंदन यादव, कन्हैया जलछत्री, मंता यादव, एडिशन ठाकुर, उत्तम शर्मा, लोकेश दीवान, खोमेश साहू, शिवा जगत, मिथुन अमीर, मुबारक खान, अजय थवाईत, नूकेश महंत, चंद्रमणि सिदार, हितेश विशाल, युगल किशोर शर्मा, अंजोर सिंह ठाकुर, राजेश सिन्हा, जयंत यादव, राजा सोनी, सन्नी महानंद, दीपक ठाकुर, रमेश ठाकुर, शुभम चंद्राकर, कुणाल सेन, नागेश्वर साहू, मनीष कुर्रे, कमल नारायण प्रधान, निर्मला प्रधान, प्रिंस प्रधान, बसंत चंद्राकर, तुलसी देवदास, सुशील जोशी, पुरुषोत्तम दास टंडन, संतोष ठाकुर, गोपी पाटकर, भानु सोनी, दीपेश ठाकुर, चंदूलाल साहू, भरत मेश्राम आदि मौजूद रहे।

### स्वामी आत्मानंद हिंदी स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शाआउमावि में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधि जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश जेएमएफएस खुशबू जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जजद्धय प्रियदर्शन गोस्वामी, आदित्य जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य हेमेंन्द्र आचार्य ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन पाठन किया। पश्चात जागरुकता शिविर अन्तर्गत जागृत योजना, डान योजना, संवाद योजना एवं आवाज उठाओ के तहत सर्वप्रथम जज आदित्य जैन ने अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को रेखांकित करते हुए विद्याथिंयों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपकी स्वतंत्रता वही तक है, हां तक दूसरे की स्वतंत्रता बाधित न हो। जज प्रियदर्शन गोस्वामी ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए छात्रों से कहा कि अपने कर्तव्यों का बोध रखते हुए कड़ी मेहनत करते हुए बड़े लक्ष्य के साथ जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति के नये सोपान स्थापित करें। मुख्य अतिथि की आसंदी से जज खुशबू जैन ने कहा कि संविधान सर्वोपरी है। जिसके अंतर्गत न्यायपालिका, विधायिका एवं कार्यपालिका है, सभी को संविधान संम्मत अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण स्वरूप यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया।

**पहल:** रात्रि 10 बजे के बाद भी अनावश्यक घूमने पर मनाही

# रेमड़ा में नशामुक्ति की दिशा में महिलाओं की सख्त पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- शराब-गांजा बेचने पर 51,000 जुर्माना, सूचना देने वाले को 10,000 इनाम



ग्राम पंचायत रेमड़ा में रविवार को महिलाओं और स्व-सहायता समूहों की उपस्थिति में एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें गांव को नशामुक्त बनाने के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि ग्राम में अब कोई भी व्यक्ति शराब या गांजा जैसे नशीले पदार्थ बेचते पाया गया तो उस पर 51,000 का अर्थदंड लगाया जाएगा। वहीं ऐसे व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर सरपंच चांदनी पटेल, उपसरपंच ममता यादव, राजेंद्र दीप, मुकुंद बरिहा, पंचायत सचिव निराकार पटेल व सोहन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए। गांव की सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति गांव का माहौल खराब करते पाया गया तो उस पर 5,000 का जुर्माना भी लगाया जाएगा। महिला समूहों ने यह भी संकल्प लिया कि सप्ताह में एक दिन पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह जागरुकता अभियान गांव के युवाओं और बच्चों को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए चलाया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत ने रात्रि 10 बजे के बाद अनावश्यक रूप से गली-मोहल्लों में घूमने पर भी सख्त प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। सरपंच चांदनी पटेल ने कहा कि यह कदम रेमड़ा गांव को एक आदर्श, नशामुक्त और सुरक्षित ग्राम बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है।

महिलाएं अब जागरूक होकर समाज सुधार में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस निर्णय से ग्रामीणों में उत्साह और आशा का माहौल बना है। पंचायत द्वारा उठाया गया यह कठोर और समाज हितकारी कदम क्षेत्र के अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

# सिरको में स्वच्छता अभियान को नई दिशा सरपंच फगूलाल ने स्वयं चलाया ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम पंचायत सिरको इन दिनों स्वच्छता और ग्राम विकास के लिए चर्चाओं में है। पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच फगूलाल नेताम के नेतृत्व में मिशन क्लीन सिरको के अंतर्गत व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। खास बात यह रही कि सरपंच ने खुद ट्रैक्टर चलाकर गांव की गलियों में खरपतवार नाशक का छिड़काव कर कार्य की शुरुआत की।

इस अभियान में मिशन क्लीन अध्यक्ष विश्वनाथ नेताम, सेना से अवकाश पर आए जवान विकास गार्डिया तथा वार्ड क्रमांक 1 के पंच उपेंद्र साव की सक्रिय भागीदारी रही। चारों ने मिलकर गांव के लगभग 4 किलोमीटर क्षेत्र में दवा का छिड़काव कर स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व सरपंच के कार्यकाल में रुके व अधूरे पड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने की दिशा में सरपंच नेताम ने कदम उठाया है। वे प्रतिदिन पंचायत भवन में उपस्थित रहकर, नालियों की सफाई, पेयजल के लिए टैंकर, स्नानागार, मिनी स्ट्रीट लाइट जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को अमल में ला रहे हैं। गांव के रंगमंच को छत्तीसगढ़ी संस्कृति और बस्तर की धरोहर 'टाइगर बॉय चेंदरू' से सजाया गया है। साथ ही गांव का संपूर्ण स्मार्ट लुक तैयार कर वीडियो ग्राफी भी कराई गई है, जिससे सिरको को स्मार्ट विलेज के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

पंचायत द्वारा वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, भूमिहीन सहायता और पीएम आवास योजना के लिए पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर फॉर्म एकत्र किए जा रहे हैं। वहीं गांव में अवैध शराब, गांजा और नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पंच उपेंद्र साव के कार्यों की भी विशेष सराहना की जा रही है, जिन्होंने हर स्तर पर जिम्मेदारी से कार्यों में सहभागिता निभाई।

उनकी सक्रियता ने युवा वर्ग में भी नई ऊर्जा का संचार किया है। सामाजिक सौहार्द कायम रखने पंचायत द्वारा आपसी विवादों में वरिष्ठ जनों की सलाह से समाधान निकालने की परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी को प्राथमिकता देने का यह प्रयास ग्राम सिरको को एक आदर्श गांव के रूप



### दुर्गापाली में हुई शाला प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक

**सरायपाली (ग्रामीण)।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में इस शिक्षा सत्र का विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का प्रथम बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य निमंकर पटेल ने की। बैठक में चितरंजन पटेल अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति, राजकुमार पटेल सरपंच प्रतिनिधि, खेमराज पटेल समिति सदस्य, अन्य सदस्यगण व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति की प्रथम बैठक में आठवीं उतीर्ण, शाला अप्रवेशी, शाला त्यागी विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया व पालकों से सम्पर्क करने का फैसला लिया गया। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, सायकल वितरण, छात्रवृत्ति संबंधी चर्चा की गई। इसके अलावा शाला में मूलभूत आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों के उपयोग पर चर्चा की गई।

# फूड लाइसेंस बनवाने लोगों की लगी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अग्रवाल धर्मशाला में खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किराना दुकानदारों, ढाबा संचालकों एवं ठेला व्यवसायियों ने भारी संख्या में भाग लिया और अपने फूड लाइसेंस बनवाए।

शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के खाद्य व्यवसायियों को फूड लाइसेंस के प्रति जागरूक करना और उन्हें लाइसेंस प्राप्त करने की सहज एवं त्वरित सुविधा प्रदान करना था। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर तत्काल आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिससे उपस्थित व्यापारियों को काफ़ी राहत मिली।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खाद्य अधिकारी शंख नाथ भोई (महासमुंद), नमूना सहायक कौशल साहू, व्यापारी प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, लोक सेवा ऑपरेटर मतीन अली, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवं कुछ समय के लिए उपस्थित आधार गाइड किशोर प्रदीप सतपथी की भूमिका रही।



### भाजपाइयों ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

**महासमुंद।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आगमन ग्राम बेमचा में आयोजित निषाद समाज के सम्मेलन में हुआ। उपमुख्यमंत्री का भाजपा जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर चौक महासमुंद में आतिशबाजी कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा पदाधिकारी संदीप दीवान, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, राहुल चंद्राकर, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, मीना वर्मा, एमआर विश्वनाथन, प्रशांत श्रीवास्तव, मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, हनीश बग्गा, ऋषभ बाफना, हिमांशु चंद्राकर, पार्षद भाऊ राम साहू, माखन पटेल, पीयूष साहू, हाफिज कुरैशी, शरद राव, महेंद्र सिक्का, पांडुरंग मदनकार, समीर करकसे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिरदा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं साइकिल वितरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/इंग्लिश माध्यम विद्यालय पिरदा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे ने किया। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सीमा लोकेश नायक, जनपद सदस्य सुशीला अंबु पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं उन्हें पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गईं। जनपद अध्यक्ष धृतलहरे ने कहा कि मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बच्चे भ्रमित हो रहे हैं, इसलिए पुस्तकों से मित्रता करना जरूरी है। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और छात्र देश का भविष्य हैं। जिला पंचायत सदस्य सीमा नायक ने भी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। युवा मोर्चा नेता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि प्रवेशोत्सव छात्रों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल ने सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का स्वागत भाषण बीआरसी नरेश पटेल ने दिया, मंच संचालन लोरिश कुमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय प्राचार्य तरुण पटेल ने किया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं की 62 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी माध्यम कक्षा 12वीं के रिनिता बरिहा, सलीना प्रधान, विशाखा बरिहा, कक्षा 10वीं के अंजलि निर्मलकर, रिग्मा यादव, मीनाक्षी सोम, कक्षा 8वीं के कविता साहू, दामिनी बरिहा, लिलीमा पटेल अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 12वीं के आहना ग्वाल, अस्मी कलेत कक्षा 10वीं के संगीता प्रधान, नूतन पटेल, देवेश कुमार पटेल, कक्षा 8वीं के आदर्श भोई, महेश पटेल, कुणाल ठाकुर, कक्षा 5वीं के सुनैना भोई, ईशा पटेल, लक्ष्य राज साहू, क्रीड़ा क्षेत्र में राज्य एवं संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अमीश लारेंस, अनी कलेत, विशाल पटेल, अस्मी कलेत, अतुल्य नंद, रॉबिन जॉयस, हर्ष राजचरण, अबशालोम बॉबी कुमार, मनीषा राणा एवं पल्लवी कैवर्त्य को भी सम्मानित किया गया।

जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे ने विद्यालय विकास के लिए 5 लाख की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य सीमा लोकेश नायक ने रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजेस पिरदा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

# गृहमंत्री से भाजपाइयों ने की मुलाकात



**महासमुंद।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के नगर आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपाइयों ने भेंट मुलाकात की। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदद्वय भाउराम साहू, पीयूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी ने 2 दिन पूर्व थाना परिसर में वार्ड नंबर 28 के पार्षद विजय साव को असामाजिक तत्वों द्वारा चाकू से हमला का जिक्र किया और बताया कि ये असामाजिक तत्व मेडिकल नशा के आदी थे। इस घटना की गहन जांच के साथ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। भाजपाइयों ने मंत्री से शहर के दो बड़े हिस्से नयापारा के शिव चौक एवं मौहारीभाठा में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग की है।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा
नेत्र संबंधित समस्त जांच एवं चिकित्सा सुविधायें
बसना में प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. देवेश अग्रवाल
MBBS, DO, FCO, FOO
नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको एवं ओकुलोप्लास्टी सर्जन
मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रतिदिन
• आँखों के परदे की जांच
• आँखों की पुतली की जांच
• ड्राई आईज
• आँखों की एलर्जी
• कम दिखाई देना
• मोतियाबिंद
• ग्लूकोमा (कालाबिंद)
• तिरछी आँख (भैंगापन)
• आँखों की सर्जरी
AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

**पहल : धरती आबा जनभागीदारी ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन**

# शिविरों से जनजातीय समाज के सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में धरती आबा जनभागीदारी ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में अंतिम लाभ संतृप्ति शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराना है। जिले के चार प्रमुख विकासखंडों महासमुंद के ग्राम परसदा ख, बागबाहरा के ग्राम हाथीबाहरा, पिथौरा के ग्राम परसवानी और बसना के ग्राम नवागांव में शिविरों का आयोजन हुआ। इन शिविरों में संबंधित जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित हुई बल्कि समुदाय में विश्वास का वातावरण भी बना।

शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण श्रमिक योजनाएं, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वरोजगार प्रोत्साहन योजनाएं एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी और सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए जनजातीय समाज के सैकड़ों लोग शिविरों में पहुंचे और उन्होंने अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि हितग्राहियों को योजनाओं की जटिल प्रक्रिया से गुजरने की बजाय एक ही स्थान पर समस्त जानकारी और सहायता प्राप्त हुई। इससे न केवल सेवाओं की पहुंच में आसानी आई, बल्कि योजनाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता भी बढ़ी। इस दौरान बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक सेल्फी प्वाइंट पर जाकर अपनी यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं और शिविर के इस विशेष अवसर को कैमरे में संजोया। सेल्फी प्वाइंट न केवल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, बल्कि इससे ग्रामीणों में शासन की इस पहल के प्रति जागरूकता और जुड़ाव भी देखने को मिला।

महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसदा ख शिविर में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 47 हितग्राहियों को विभिन्न संबंधित योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 02, राशन कार्ड के लिए 05, जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिए 12-12, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 पात्र हितग्राहियों एवं बिहान योजना के तहत 10 सदस्यीय आदिवासी समूह का पंजीयन किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवानी शिविर में 124 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। इनमें 12 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 06 का राशन कार्ड, 21 का आयुष्मान कार्ड, 13 का जाति प्रमाण, 19 का निवास प्रमाण पत्र, 6 कृषकों का केसीसी, 8 किसानों का पीएम किसान सम्मान के तहत एवं 2 गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। 2 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया।इसी तरह बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवागांव शिविर में 61 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 05, राशन कार्ड के लिए 02, आयुष्मान कार्ड के लिए 15, जाति प्रमाण पत्र 6, निवास प्रमाण पत्र 05, 03 गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना के तहत पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम हाथीबाहरा शिविर में 129 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने पंजीयन किया गया। जिसमें 8 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 20 राशन कार्ड, 4 आयुष्मान कार्ड, 19 जाति प्रमाण पत्र, 19 का निवास प्रमाण पत्र, 8 किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि के तहत व 3 गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 का सिकल सेल जांच व 32 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

पिथौरा के ग्राम परसवानी शिविर में लाभान्वित हितग्राही दिव्या कश्यप, कनकलता कश्यप, सूर्यकांती खड़िया एवं संतोष पारेश्वर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर शासन की योजनाओं से वंचित ग्रामीणों को लाभ दिलाने की एक सराहनीय पहल है। वहीं 71 वर्षीय सहदेव मांझी ने योजना का लाभ पाकर भावुक होकर कहा कि हम जैसे बुजुर्गों बुजुर्गों को सरकार द्वारा इस प्रकार से योजनाओं से जोड़ा जाना बहुत ही बड़ी बात है। पहले जानकारी के अभाव में हम वंचित रह जाते थे, लेकिन अब यह शिविर हमारे लिए उम्मीद की किरण बनकर आया है।



## एक पेड मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**महासमुंद।** स्थानीय एम इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शाला संचालक राकेश श्रीवास्तव, समस्त शिक्षक स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने मिलकर पौधारोपण किया। शाला संचालक राकेश श्रीवास्तव ने बच्चों को जीवन में वृक्ष का महत्व बताते हुए कहा कि पेड-पौधा हमारी पृथ्वी में वातावरण को अनकुल रखते है। पेड़-पौधों से हमें शुद्ध वायु एवं ऑक्सीजन के साथ ही जन औषधियों भी प्राप्त होते हैं। मनुष्य अपने स्वार्थ के कारण इन्हें नष्ट करते जा रहे है। जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ रहा है। हमें अपने स्वार्थ को त्याग कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। प्रकृति की सुरक्षा हम सभी का दायित्व भी है। इस अवसर पर आभार व्यक्त शाला शिक्षिका नेहा कहार ने किया।

## शहर में खुलेआम नशीली दवाओं का कारोबार फल फूल रहाः विजय

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री एवं पार्षद विजय साव ने कहा कि शहर में लंबे समय से खुलेआम नशीली दवाएं का कारोबार फल फूल रहा है। शहर में नशे के आदी लोगों में 25 वर्ष से कम आयु के युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। युवा शारीरिक रूप से बीमार हो रहे है। वहीं अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। साव ने कहा कि अवैध रूप से नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की बजाए उसको बढ़ावा देने का काम शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शहर में लगातार मारपीट, लड़ाई झगड़ा का मुख्य कारण मेडिकल नशा ही है, आए दिन शहर के नयापारा, रावण भांठा, शास्त्री चौक, सुभाष नगर, बीटीआई गार्डन के पीछे, मुख्य बस स्टैंड में इन जगहों में लगातार नशे का कारोबार फल फूल रहा हैं।



## शिक्षकों ने बसना के संकुल समन्वयकों ने बीईओ और बीआरसी पर लगाए गंभीर आरोप शाला बहिष्कार की दी चेतावनी

**बसना।** विखं बसना में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर संयुक्त शिक्षक साझा मंच और शैक्षिक संकुल समन्वयक शिक्षक संघ के सदस्यों ने गहरा असंतोष जताया है। संगठन के सदस्यों ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंच कर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नाम का ज्ञापन रमेश अग्रवाल एवं प्रकाश सिन्हा को सौंपते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) पूर्णानंद मिश्रा को हटाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि दोनों अधिकारियों द्वारा शिक्षकों और संकुल समन्वयकों से दबावपूर्वक रात्रि में भी कार्य कराया जा रहा है, जिससे उनके पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही समन्वयकों की नियुक्ति में नियमों को दरकिनार कर चहेते शिक्षकों को पदों पर बैठाया जा रहा है। बिना अनुशंसा नियुक्तियां और प्राचार्य की राय की अवहेलना, अधिकारियों द्वारा शिक्षकों से पैसे की जबरन वसूली, डराने-धमकाने का आरोप, प्री-ऑडिट के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत, एससी वर्ग के समन्वयकों के साथ भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना का आरोप, मनबोध नंद (समन्वयक भूकेल) को बिना कारण स्पष्ट किए निलंबित किया जाना, प्रोटोकॉल की अनदेखी और मनमाने आदेश जारी करना। संघ का आरोप है कि 27 जून 2025 को चिपरीकोना और भूकेल के संकुलों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों ने शिक्षकों के सामने समन्वयकों का अपमान किया। इसके बाद भूकेल संकुल समन्वयक मनबोध नंद को निलंबित कर दिया गया। जबकि उनके कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक रही थी। शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे 5 जुलाई 2025 से विकासखंड स्तरीय शाला बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। साथ ही संकुल समन्वयकों ने किसी भी प्रकार का प्रशासनिक सहयोग बंद करने की घोषणा भी की है। शिक्षकों की मांग है कि शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दोषी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

एक डॉक्टर को कभी भी आपकी जाति या धर्म से मतलब नहीं होता उसके लिए सभी एक समान होते हैं

### डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

राष्ट्रीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान और मनाये जाने के लिये 1991 में भारतीय सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बिधान चन्द्र रॉय (डॉ.बी.सी.रॉय) को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। 4 फरवरी 1961 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। रॉय साहब ने अपनी डॉक्टरी की डिग्री कलकत्ता से पूरी की और 1911 में भारत लौटने के बाद अपनी एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से पूरी की और उसी वर्ष से भारत में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन की शुरूआत की। बाद में उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से एक शिक्षक के रुप में जुड़ गये और इसके बाद वो कैंपबेल मेडिकल स्कूल गये और उसके बाद कारमाईकल मेडिकल कॉलेज से जुड़ गये। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक थे और नामी शिक्षाविद् होने के साथ ही एक स्वतंत्रता सेनानी के रुप में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी से जुड़े। बाद में वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिवस के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनको सम्मान और श्रद्धांजलि देने के लिये वर्ष 1976 में उनके नाम पर डॉ.बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत हुई।



डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई...
श्रीहरि डिजीटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी
(रात्रिकालीन सेवा उपलब्ध है)
चांडक पेट्रोल पंप के पीछे, पुराना बस स्टैंड, महासमुंद
हमारे यहां सभी प्रकार के एक्स-रे, डिजीटल मशीन एवं खून पेशाब जांच आधुनिक मशीन द्वारा किया जाता है।
के.के. गजेन्द्र, डॉ. विकास गजेन्द्र (MBBS)
मो.-98268-21832, 7987963433
हार्मोन थाईरॉइड जाँच एवं घर पहुंच खून जांच सेवा उपलब्ध है

श्री राम केयर क्लीनिक
डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई
नाड़ी विशेषज्ञ
नाडी परीक्षण समय
प्रातः 6 से दोपहर 12 बजे तक
परामर्श समय : शाम 5 से 6 बजे तक
विशेष : नाड़ी परिक्षण के लिए कृपया खाली पेट आवें।
9229571136
9406016735
डॉ. एस.एन. गुप्ता
(बी.ए.एम.एस.)
कुम्हारपारा वार्ड नं. 24 मंडी रोड, महासमुंद

डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई
डॉ. रश्मि चंद्राकर
डॉ. विजय चंद्राकर

एडवांस ऑर्थोपैडिक एवं मैटरनिटी सेंटर
पुराना जिला अस्पताल परिसर, महासमुंद (छ.ग.)
डॉ. मानस अंकुर सतपथी
MBBS, MS Orthopaedic, Jaipur
ATLS American College of Surgeons
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
मो. 7566444788
डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई
डॉ. गरिमा सतपथी
MBBS, DGO, DNB
Obs. Gynae
Felloship in infertility management
स्त्री एवं फर्टिलिटी रोग विशेषज्ञ
मो. 7000513991
उपलब्ध सुविधाएं...
जोड़ों में दर्द, आवाज आना
जोड़ों में सूजन
एड़ी का दर्द
नसों की समस्या
कमर दर्द
घुटनों का दर्द, घुटनों का पानी सुखना
घुटने एवं कूल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
कंधे के जोड़ का उतरना
घुटने में लचक आना/भार न दे पाना
टूटी हड्डियों के लिए प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा एवं हड्डियों के सभी प्रकार के रोग
समय पर माहवारी न होना
फैलोपियन ट्यूब बंद होना
माहवारी बंद हो जाना
शरीर में हॉर्मोन की गड़बड़ी
बांझपन संबंधित सभी इलाज
दर्द रहित डिलीवरी
बच्चेदानी के ऑपरेशन
स्त्री एवं प्रसूति संबंधित रोगियों की चिकित्सा
रविवार बंद
SUNDAY CLOSED
परामर्श एवं चिकित्सा
प्रतिदिन : समय : दोपहर 1.30 बजे से शाम 4 बजे तक
स्थान : पुराना जिला अस्पताल परिसर, हनुमान मंदिर के सामने महासमुंद (छ.ग.)

